भारतीय वद्यालय अल वादी अल कबीर(2023-24)

Class -8	विभाग: हिंदी	Date – 05.05.23
Study Material-1 MAY	पर्यायवाची, प्रत्यय & दीर्घ संधि	Note: Pl. file in portfolio

नाम: ___________________अनुभाग: _____अनुक्रमांक: _____दिनांक: ___________

I. तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए -

1) भगवान - ईश्वर, प्रभु, परमात्मा
2) पक्षी - पंछी, विहग, खग
3) बादल - घन, मेघ, जलधर
4) पेड़ - वृक्ष, तरु, विटप
5) पानी - जल, नीर, वारि
6) पहाड़ - पर्वत, गिरि, शैल
7) देश - वतन, राष्ट्र, मुल्क
8) धरती - पृथ्वी, धरा, भूमि
9) सुगंध - महक, सौरभ, खुशबू
10) हवा - पवन, वायु, समीर
11) गाँव - ग्राम, देहात, खेड़ा
12) कपड़ा - वस्त्र, चीर, पट
13) संसार - जग, दुनिया, विश्व
14) स्त्री - औरत, महिला, नारी
15) गाय - गौ, धेनु, सुरभि
16) हाथ - हस्त, कर, पाणि
17) दूध - गौरस, दुग्ध, क्षीर
18) आम - आम्र, रसाल, मादक
19) शाम - संध्या, साँझ, सायंकाल
20) बेटी - पुत्री, आत्मजा, सुता

II. निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए: -

1. ता - कोमलता, सुंदरता
2. ई - मेहनती, लालची

3. आहट - कड़वाहट, गरमाहट
4. ईय - भारतीय, पर्वतीय
5. आवट - थकावट, सजावट
6. आई - पढ़ाई, लड़ाई
7. ईला - रंगीला, चमकीला
8. आवा - दिखावा, पहनावा
9. कार - चित्रकार, पत्रकार
10.दार - दुकानदार, हवादार
11.वाला - फलवाला, चायवाला
12.गर - सौदागर, जादूगर
13.आऊ - कमाऊ, बिकाऊ
14.आलु - दयालु, कृपालु
15.आवना - डरावना, सुहावना

III. संधि

संधि का अर्थ है - मेल। जब दो ध्वनियाँ निकट होने पर आपस में मिल जाती है और नया रूप धारण कर लेती हैं तो वहाँ दो ध्वनियों की संधि होती है।

संधि के भेद - 1.स्वर संधि 2.व्यंजन संधि 3.विसर्ग संधि

स्वर संधि - दो स्वरों के मेल से जो परिवर्तन होता है, उसे स्वर संधि कहते हैं।

इसके पाँच प्रकार हैं- i) दीर्घ ii) गुण iii) वृद्धि iv) यण v) अयादि

i)दीर्घ संधि -अ, आ + अ, आ = आ
इ, ई + इ, ई = ई
उ, ऊ + उ, ऊ = ऊ

उदाहरण :- पर + अधीन = पराधीन
सत्य + आग्रह = सत्याग्रह
महा + आत्मा = महात्मा
यथा + अर्थ = यथार्थ
रवि + इंद्र = रवींद्र
गिरि + ईश = गिरीश
सु + उक्ति = सूक्ति
वधू + उत्सव = वधूत्सव